षोडश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-31.03.2016 के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री समीर कुमार महासेठ, स०वि०स०	1990 में नेशनल कैंसर कंट्रोल प्रोग्राम के तहत भारत सरकार द्वारा डी०एम०सी०एच०, दरभंगा में कैंसर के आधुनिक इलाज हेतु कैंसर सेंटर की स्थापना का निर्णय लिया गया जिसके आलोक में बिहार सरकार द्वारा भाभा ऐटमिक सेंटर, मुम्बई के निर्देशानुसार भवन का निर्माण वर्षों पूर्व कराया जा चुका है परन्तु अभीतक कैंसर सेंटर की शुरुआत नहीं हो सकी है । पुनः वर्ष 2013 में भारत सरकार द्वारा डी०एम०सी०एच०, दरभंगा में अत्याधुनिक मशीनों द्वारा कैंसर के इलाज हेतु टरटियरी कैंसर केयर सेन्टर (Tertiary Cancer Care Centre) की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी जिसके आधार पर बिहार मंत्रिपरिषद् द्वारा अनुमोदन भी दिया गया । अतः डी०एम०सी०एच०, दरभंगा में अत्याधुनिक मशीनों द्वारा कैंसर के इलाज हेतु टरटियरी कैंसर केयर सेन्टर (Tertiary Cancer Care Centre) की स्थापना हेतु मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यानाकृष्ट करता हूँ ।	स्वास्थ्य

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
2.	श्री सदानंद सिंह, स०वि०स०	भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव के बटेश्वरस्थान, गंगा पंपिंग योजना कार्य वित्तीय वर्ष 1980-81 में प्रारंभ हुआ था । 35 वर्ष बीत जाने के बाद भी मुख्य नहर से अब तक सिंचाई हेतु जल प्रवाह नहीं किया गया है । विगत 2 वर्षों, जून 2014 और जून 2015 से मुख्य नहर से खरीफ फसल हेतु जल प्रवाह करने का लक्ष्य विभाग द्वारा निर्धारित किया गया था परन्तु मुख्य नहर से अब तक सिंचाई हेतु जल प्रवाह नहीं हो पाया है । अत: जून 2016 से उक्त सिंचाई योजना से खरीफ फसल के लिये जल प्रवाह सुनिश्चित करने हेतु मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।	जल संसाधन

राजीव कुमार
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-19/16- 637 / वि०स०, पटना, दिनांक- 29 मार्च, 2016 ई० ।

प्रति:- बिहार विधान सभा के सदस्यगण / मुख्य मंत्री / उप मुख्यमंत्री / मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना / संसदीय कार्य विभाग / स्वास्थ्य विभाग तथा जल संसाधन विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

29.3.16
(भूषण कुमार झा)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-19/16- 637 / वि०स०, पटना, दिनांक- 29 मार्च, 2016 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव एवं प्रशाखा पदाधिकारी, सचिवीय कार्यालय को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

29.3.16
(भूषण कुमार झा)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

29/3/16